## एक नजर में

### माहेश्वरी महिला संगठन ने मनाया फाग उत्सव



**देवास।** माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा सांवरिया नाथ मंदिर में धूमधाम के साथ फाग महोत्सव मनाया गया। इस उत्सव में बड़ी संख्या में समाज की महिलाओं ने उपस्थित हुई भजन मंडल द्वारा फाग गीतों पर सभी ने जमकर नृत्य किया, फूलों से होली खेली और एक दूसरे को गुलाल लगाया। नन्हें नन्हें बच्चे राधा कृष्ण के स्वरूप में उत्सव में आए और उपस्थित सभी के साथ फूल और रंगों से होली खेलीं भक्ति भाव से परिपूर्ण इस उत्सव में सभी ने आनंद लिया। तत्पश्चात स्वल्पाहार एवं ठंडाई का आयोजन रखा गया। उक्त जानकारी सचिव रेखा लाठी ने दी।

### मृत मवेशियों को समाधी कम्पोस्ट पिट में निराकृत

**देवास।** नगर निगम सीमा क्षेत्र के 45 ही वार्डो से घर से निकलने वाला कचरा एवं मुख्य मार्गो एवं कालोनियों से निकलने वाला कचरा जिसके निपटान के लिए ट्रेंचिंग ग्राउण्ड स्थित प्लांट पर कचरा संग्रहण वाहनो के माध्यम से पहुंचाया जाता है। वहीं मृत मवेशियों को भी ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर समाधी कम्पोस्ट पिट में निराकृत किया जाता है। मृत मवेशियों को उठाने का कार्य निगम कर्मचारी गब्बर सोलंकी के द्वारा किया जाता है। मृत मवेशियों के अवशेष ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर रखे जाने की शिकायत महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल के संज्ञान में आने पर महापौर ने तत्काल आयुक्त दलीप कुमार से चर्चा कर शिकायत की जांच एवं निराकरण करने के निर्देश देते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई किये जाने के निर्देश दिये। आयुक्त ने प्र. स्वास्थ्य अधिकारी जितेन्द्र सिसोदिया को निर्देशित करते हुए प्र. स्वच्छता निरीक्षक हरेन्द्रसिंह ठाकुर एवं गब्बरसिहं सोलंकी को कारण बताओ सूचना पत्र दिये जाने के साथ प्राप्त शिकायत की विस्तृत जानकारी लेकर अवगत कराये जाने हेतु कहा।

### सीएमएचओ ने विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की



**सोनकच्छ।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सरोजिनी जेम्स बेक बुधवार को सिविल अस्पताल सोनकच्छ पहुंची जहां पर उन्होंने शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक ली जहां पर उन्होंने शासन की योजनाओं का ठीक तरह से संचालन नहीं होने पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ राकेश कुमार पर नाराजगी जताई एवं आवश्यक निर्देश दिये। डॉ बेक ने दस्तक अभियान, आयुष्मान कार्ड, एनीमिया प्रबंधन, संकल्प से समाधान अभियान की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए डोर टू डोर सर्वे करने एवं टीम बनाकर कार्य करने हेतु निर्देशित किया। उन्होने फील्ड भ्रमण करने एवं स्वास्थ्य संस्थाओं के निरीक्षण हेतु भी निर्देशित किया। उन्होंने सीडीआर एवं एमडीआर के रिव्यू संबंधी जानकारी ली एवं संकल्प से समाधान पोर्टल पर नियमित प्रविष्टि करने आदि योजनाओं के संबंध में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ राकेश कुमार एवं ब्लॉक प्रोग्राम अधिकारी दीपक चौहान से क्रमवार जानकारी ली, लेकिन दोनों अधिकारी डॉ बेक को संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए जिस पर डां बेक द्वारा दोनों अधिकारियों पर अपनी नाराज़गी जताई और निर्देश दिए की शासन की समस्त योजनाओं का ठीक से क्रियान्वयन होना चाहिए।

### 100 वर्षीय बुजुर्ग का प्रोस्टेट ऑपरेशन सफल

**देवास।** चिकित्सा जगत में उम्र की बाधा को पार करते हुए देवास के अमलतास अस्पताल ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यहाँ 100 वर्षीय बुजुर्ग मरीज, बने सिंह का प्रोस्टेट का सफल ऑपरेशन किया गया। मरीज पिछले कई दिनों से मूत्र संबंधी गंभीर समस्याओं से जूझ रहे थे। स्थिति इतनी बिगड़ गई थी कि उनका चलना-फिरना बंद हो गया था और यूरिन रुकने की वजह से उन्हें अत्यधिक जलन और असहनीय दर्द हो रहा था। परिजनों ने उन्हें अमलतास अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ मूत्र एवं पथरी रोग विशेषज्ञ डॉ. देवेश बंसल ने जांच के बाद ऑपरेशन की सलाह दी। डॉ. देवेश बंसल, डॉ.विजय भदौरिया और डॉ. मनीष तोमर की टीम ने अत्यंत सावधानी के साथ यह जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न किया। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि बुजुर्ग अब पूरी तरह स्वस्थ हैं और उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। मरीज के परिजनों ने अस्पताल और डॉक्टरों का आभार व्यक्त करते हुए आयुष्मान योजना की सराहना की। उन्होंने कहा कि शासन की इस योजना के कारण ही 100 वर्ष की आयु में भी नि:शुल्क और उच्च स्तरीय इलाज संभव हो सका। अमलतास वेलफेयर सोसायटी के चेयरमैन मयंक राज सिंह भदौरिया ने इस सफलता पर पूरी मेडिकल टीम को बधाई दी है।

### प्राचीन भैरू महाराज स्थान पर अतिक्रमण

**बागली।** क्षत्रिय धनगर कोकदां समाज के कुल भैरू बागली मुख्यालय के समीप ग्राम पंचायत मुख्यालय बेहरी में स्थित है। यहां पर जनपद प्रशासन की भूल की वजह से कुछ लोगों के रहवासी पट्टे जारी कर दिए गए हैं जिसके चलते विगत कुछ वर्षों पूर्व से भेरू पूजन समारोह मनाने में परेशानी आने लगी अतिक्रमण धीरे-धीरे बढ़ता जा रहा है इस संबंध में 1 वर्ष पूर्व राजस्व विभाग सहित जनपद विभाग को अवगत कराया गया जिसके तहत बागली अनुविभागीय कार्यालय द्वारा 24 फरवरी 2026 को अतिक्रमण हटाने के लिए सूचना पत्र जारी किया गया इस दिनांक पर समाज के लोग बड़ी संख्या में बागली मुख्यालय पर एकत्रित हुए और अतिक्रमण वाली समस्या को बताते हुए स्थानीय प्रशासन को अवगत कराया लेकिन उपस्थित रीडर राकेश सोलंकी ने इस आदेश के विषय में अनभिज्ञता जाहिर करते हुए बताया कि उन्हें इसकी कोई जानकारी नहीं है। समाज के आक्रोशित लोगों ने कुछ देर के लिए धरना प्रदर्शन एवं नारेबाजी करते हुए बताया कि उनके कुल भैरव का स्थान शीघ्र ही अतिक्रमण मुक्त नहीं हुआ तो पूरे क्षेत्र में आंदोलन करने के लिए बाद भी होना पड़ेगा 24 फरवरी 2026 को बागली मुख्यालय पर बड़ी संख्या में धनगर समाज के लोग एकत्रित हुए जिनमें स्थानीय बेहरी ग्राम पंचायत से राधेश्याम चौधरी जयप्रकाश चौधरी शंकर चौधरी शामिल रहे और बताया कि हल्का क्रमांक 28 राजस्व ग्राम भूमि आबादी क्षेत्र में यह प्राचीन मंदिर बना हुआ है और आस्था के चलते 10 से अधिक जिले के लोग यहां पर भेरू पूजन करने आते हैं ऐसी स्थिति में धीरे-धीरे इस जमीन पर कब्जा स्पष्ट दिखाई दे रहा है जिससे पूजन करने में परेशानी आती है। देवास के सामाजिक कार्यकर्ता राजेंद्र चौधरी महेश चौधरी मुकेश चौधरी कीशोर पहलवान राधेश्याम चौधरी आदि ने बताया कि जब भी पूजा होती है बड़ी संख्या में परिजन एकत्रित होते हैं लेकिन यहां पर अतिक्रमण और गंदगी इतनी अधिक बढ़ गई है कि हमारी पूजा पद्धति में बहुत परेशानी आती है।

## नौकरी उज्जैन में और तनख्वाह भौरासा नगर परिषद से

**संयुक्त संचालक जेडी ऑफिस में अपना अटैचमेंट करवा लिया**




**देवास/भौरासा।** भौरासा नगर परिषद भी अजब गजब है यहां पर कहने को तो नगर परिषद में लगभग 50 से 55 कर्मचारी नगर परिषद में उपलब्ध है वहीं ऑफिस में 20 कर्मचारीयो का स्टॉप होना चाहिए लेकिन नगर परिषद की वित्त स्थिति खराब होने के कारण 9 से 10 कर्मचारी यहां उपलब्ध है अब उसमें से भी दो-तीन कर्मचारियों को इधर-उधर अटैचमेंट कर रखा है। अब 7 से 8 कर्मचारी ही ऑफिस में उपलब्ध रहते हैं। कई कर्मचारियों ने अपना इधर-उधर सेटलमेंट जमा कर अटैचमेंट करवा रखा है अगर कोई भी आम नागरिक नगर परिषद के ऑफिस मे काम के लिए आता है तो वहां पर संबंधित कर्मचारी उपलब्ध नहीं मिलता है क्योंकि यहां पर पहले ही कर्मचारियों की कमी के कारण लोगो के समय पर काम नहीं हो पाते हैं लेकिन फिर भी यहां की नगर परिषद का एक कर्मचारी कमलेश कौशल पिछले 5-6 सालों से नगर परिषद से गायब है और तनख्वाह ले रहा है। कमलेश कौशल नाम के व्यक्ति ने 2019 में सहायक ग्रेड 3 के पद पर पहली पोस्टिंग होकर नगर परिषद भौरासा में जॉइनिंग किया था। वही सूत्रों द्वारा बताया जाता है कि वह उज्जैन से भौरासा आना जाना करता था लेकिन उन्होंने राजनीतिक जुगाड़ लगाकर 2021 में संयुक्त संचालक जेडी ऑफिस में अपना अटैचमेंट करवा लिया और जब से ही वह उज्जैन में रहकर के अपनी तनख्वाह सैलरी ले रहे हैं।

अब सवाल यह उठता है कि पहले से ही नगर परिषद में कर्मचारियों का टोटा है तो नगर परिषद अपने कर्मचारियों को इधर-उधर क्यों बाटती फिर रही है। यहां पर पहले ही पिछले 5-6 महीनो से कर्मचारियों का वेतन नहीं निकल पा रहा है और ऊपर से इन इधर-उधर अटैचमेंट कर्मचारियों की तनख्वाह नगर परिषद भौरासा निकल रही है।

**इनका कहना है**

इस संबंध में जब भौरासा नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी से संपर्क किया गया तो उनके द्वारा कहा गया कि कर्मचारियों के अटैचमेंट को लेकर व तीन-चार महीनो कि कर्मचारियों की तनख्वाह बाकी है, हमारे द्वारा सोनकच्छ विधायक राजेश सोनकर व उचअधिकारियों को कर्मचारियों का अटैचमेंट हटाने के लिए इस संबंध में लिखित में अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है पर अभी तक कोई भी जवाब नहीं आया है।

**संजय जोशी**
**नगर परिषद अध्यक्ष भौरासा**

इस संबंध में जब उज्जैन संयुक्त संचालक जेडी ऑफिस में राजीव निगम उज्जैन,से मो,9425156100 पर संपर्क किया गया तो उनके द्वारा फोन नहीं उठाया गया

## भगोरिया हाट में उत्साह के साथ झूमे युवा

**बागली।** आदिवासी परंपरा अनुरूप बुधवार को होली के पहले अपनी अच्छी फसल निकलने की खुशी में साप्ताहिक बाजार का भगोरिया हाट बाजार जो इस वर्ष सीता माता मेले के प्रांगण में आयोजित हुआ, आज से इस पर्व की शुरुवात हुई, इस पर्व का पहला भगोरिया होने से भीड़ कम रही, और अब धीरे-धीरे परिवर्तन आने लगा है, आज आस पास के केवल तीन से चार ग्राम के ढोल मांदल ही भगोरिया में, आए प्रमुख रूप से पोटला, कांकड़पुरा, एवं पाटाखाल की टोलियां ने ढोल मांदल की थाप पर नाच कर पर्व मनाया, नवयुवकों ने भी बड़े ढोल बजाकर साथियों सहित आनंद उठाया पीपरी ग्राम पंचायत सरपंच द्वारा सभी ढोल प्रमुखों का साफा बांधकर स्वागत अभिनंदन किया, भगोरिया हाट एवं मेले में सभी ने जलेबी का स्वाद लिया, बच्चों ने



साथ वयस्कों ने भी झूले का आनंद लिया इसी आनंद के साथ भगोरिया पर्व हर्ष उल्लास से मनाया गया, पुलिस व्यवस्था माकूल होने से किसी भी प्रकार की कोई घटना लड़ाई झगड़ा का नहीं हुआ। जनपद पंचायत एवं विधानसभा पूर्णत:आदिवासी है,लेकिन किसी भी जनप्रतिनिधि का इस बुधवार के बाजार में शामिल न होना चर्चा का विषय रहा, साप्ताहिक बाजार के साथ 22 दिवसीय श्रीसीता माता मेले का समापन भी हुआ।

## चैंबर के पानी की निकासी कर 3 दिवस में कर अवगत कराए : महापौर

**देवास।** प्रति बुधवार को निगम मे की जाने वाली महापौर जनसुनवाई में नागरिकों के द्वारा निगम संबंधि शिकायतों के आवेदन निराकरण करवाये जाने लिए महापौर श्रीमती गीता दुर्गेश अगवाल को दिये। महापौर ने प्राप्त आवेदनों को संबंधित अधिकारियों से जनसुनवाई मे ही चर्चा कर निरकारण करवाने के निर्देश दिये। प्राप्त आवेदनों में सुपर मार्केट के आसपास अस्थाई अतिक्रमण हटावाये जाने एवं मुखर्जी नगर अचआईजी निवासी द्वारा अपने निवास के सामने चेम्बर खाली कराने व सिवरेज लाईन डालने संबंधि आवेदनों पर महापौर ने संज्ञान मे लेते हुए 3 दिवस में निराकरण किये जाने के साथ ही किये गये कार्यो से अवगत कराने के निर्देश दिये। शेष 5 प्राप्त आवेदनों को समय सीमा मे निराकरण करने हेतु निर्देशित किया। महापौर गीता अग्रवाल ने विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल के साथ प्रधानमंत्री स्वनिधि के स्वीकृति पत्रों तथा 3



व्यवसाईयों को खाद्य व अखाद्य लायसेंसों का वितरण किया गया। इस अवसर पर निगम उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया, जाकिर जाफरी, आरती खेडेकर, लोखा अधिकारी दिलीप गर्ग, प्र. कार्यपालन यंत्री जगदीश वर्मा, सौरभ त्रिपाठी, सहायक यंत्री दिनेश चौहान, मुशाहीद हन्फी, प्र. कार्यालय अधिक्षक रणजीतसिंह पंजाबी, उपयंत्री विजय जाधव, श्याम सुन्द्र रघुवंशी, राजेश कौशल, जीवन रावत, पलक श्रीवास्तव, स्वच्छता निरीक्षक हरेन्द्रसिहं ठाकुर, प्रवीण पाठक, मुन्ना कुरैशी, भाजपा नेता विपुल अग्रवाल, जितेन्द्र जायसवाल एवं व्यवसाई व हितग्राही उपस्थित रहे।

## भारतीय मजदूर संघ ने धरना प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री के नाम दिया ज्ञापन

**देवास।** भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री अमित पांडे ने बताया कि भारतीय मजदूर संघ का देश व्यापी धरना विरोध प्रदर्शन और ज्ञापन में भारतीय मजदूर संघ से सभी संबंधित यूनियनों ने भाग लेते हुए प्रधानमंत्री एवं श्रममंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि सभी सेक्टर तथा सभी श्रमिकों के लिए, श्रम कानूनों को बिना किसी छूट के अंत्योदय की सच्ची भावना के साथ एक साथ लागू किया जाए। दो लेबर कोड अर्थात इंडस्ट्रियल रिलेशन कोड 2020 तथा ऑक्यूपेशनल सेफ्टी, हेल्थ एंड वर्किंग कंडीशन कोड 2020 में व्याप्त श्रमिकों की चिंताओं का समाधान किया जाए। त्रिपक्षीय तंत्र का पुनरूद्धार ओर सुदृढ़ीकरण किया जाए। इंडियन लेबर कांफ्रेंस को अविलंब आहूत किया जाए। अनेक त्रिपक्षीय कमेटियों का पुनर्गठन किया जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि यह समितियां प्रभावी तथा नियमित रूप से श्रमिकों के कल्याण हेतु व्यवहारिक रूप से कार्य करें। इपीएस-95 के अंतर्गत



न्यूनतम पेंशन 1000 से बढ़ाकर 7500 प्रतिमाह महंगाई भत्ते के राहत के साथ लागू किया जाए। इपीएस में अनिवार्य अंशदान के लिए वर्तमान वेतन सीमा 15000 से बढ़ाकर 30000 प्रतिमाह किया जाए। इसी प्रकार वर्तमान में ईएसआईसी के तहत कवरेज के लिए मासिक वेतन सीमा रुपए 21000 हजार है जिसे बढ़ाकर 42000रु किए जाए बोनस की पात्रता हेतु कैलकुलेशन की वर्तमान सीलिंग 7000 तथा एलिजिबिलिटी सीलिंग लिमिट 21000 रू प्रतिमाह में बढ़ोतरी की जाए। भारत के संविधान के अनुच्छेद 14, 15,16, और 21 की मूल भावना के अनुसार स्कीम वर्कर और ठेका श्रमिकों को स्थाई किया जाए। आम भरती पर लगी रोक को तुरंत हटाया जाए तथा नौकरियों में बिना किसी अनिश्चितता या असुरक्षा के गारंटीड रोजगार का भरोसा दिया जाए। ज्ञापन में देवास के मुद्दे को भी उठाया गया तथा कलेक्टर से मांगों के त्वरित निराकरण की मांग की । त्वरित निराकरण नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। भारतीय मजदूर संघ जिला अध्यक्ष धनंजय गायकवाड, भारतीय मजदूर संघ विभाग प्रमुख अजय उपाध्याय, बिजली कर्मचारी महासंघ के प्रदेश के महामंत्री सुशील कुमार पांडे, आंगनबाड़ी सहाय का संघ की जिला अध्यक्ष रामू जमोड़िया, असंगठित कामगार कल्याण मंडल के सदस्य लक्ष्मी नारायण मारू, नागरिक परिषद के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश रघुवंशी, पर्यावरण मंच के जिला संयोजक आलोक पायलट, राज्य कर्मचारी संघ के अध्यक्ष धर्मेंद्र जोशी, भारतीय जनता निर्माण श्रमिक संघ प्रदेश महामंत्री माखन सिंह धाकड़, मंडी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मुकेश जोशी, पेंशन कर्मचारी महासंघ अशोक शर्मा, संविदा कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के जतिन चौधरी, रोकापेरी जसवंत सिंह राज ठाकुर, संतोष भावसार, ठेका मजदूर संघ जिला महामंत्री दीपक राठौर, बिजली कर्मचारी महासंघ के मध्य क्षेत्र के महामंत्री भगवान श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष ज्ञान सिंह ठाकुर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री अमित पांडे ने किया तथा आभार अजय उपाध्याय ने माना। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आंगनवाडी की कार्यकर्ता एवं सभी उद्योगों से श्रमिक नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अ.भा. समन्वय समिति महिला मोर्चा की कार्यकारिणी घोषित

**एडव्होकेट संगीता रायकवार अध्यक्ष मनोनीत**

**देवास।** अखिल भारतीय आदिवासी कश्यप कहार निषाद भोई समन्वय समिति के राष्ट्रीय संयोजक राजाराम कश्यप एवं महासचिव दिलीप कश्यप ने अध्यक्ष मदनलाल कहार की अनुसंशा पर म.प्र. राज्य की महिला मोर्चा की कार्यकारिणी घोषित की गई। जिसमें संगीता रायकवार अध्यक्ष इंदौर, एडव्होकेट जयश्री रायकवार प्रदेश उपाध्यक्ष इंदौर, आरती पारिया प्रदेश उपाध्यक्ष उज्जैन, रूकमणि बर्मन प्रदेश उपाध्यक्ष कटनी, राजकुमारी रेकवार प्रदेश उपाध्यक्ष भोपाल, डॉ. गरिमा मुकेश वर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष खरगोन, दीप्ति रेकवार सागर, नीतू चंदन रायकवार प्रदेश महामंत्री देवास, ज्योति पड़ायपंती प्रदेश उपाध्यक्ष रामपुरा, रंजना रायकवार प्रदेश कोषाध्यक्ष उज्जैन, एडव्होकेट लीला केवट प्रदेश मंत्री इंदौर, मीना रायकवार प्रदेश मंत्री उज्जैन, संजीता रेकवार प्रदेश मंत्री विदिशा, संगीता माझी प्रदेश मंत्री बैतुल, सुधा रायकवार प्रदेश मंत्री भोपाल, कविता डोडिया प्रदेश मंत्री मंदसौर। कार्यकारिणी सदस्य कामना रायकवार उज्जैन, जमना देवीलाल गौड़ धार , संतोषी सालिकराम धीवर देवास, जयंती रेकवार गंजबासोदा, प्रेमलता रेकवार जबलपुर, ज्योतिसिंह बाथम ग्वालियर, रीना मोर्य भोपाल, वर्षा कुंदन रायकवार देवास, बसंत जग्गु रायकवार उज्जैन, बबिता नारायण वर्मा देवास, गुंजा गणेश रेकवार जबलपुर, नवीन प्रकाश रेकवार जबलपुर, बबीता प्रकाश रेकवार जबलपुर, चित्रा आलोक रायकवार खंडवा, सोनी दिलीप वर्मा इंदौर, राधा छोटेलाल रायकवार इंदौर, पूजा आशीष रायकवार इंदौर, टीना सोनू गौड़ इंदौर, भावना सुनील रायकवार इंदौर, दीपिका मोहित रायकवार इंदौर, मोनाली रायकवार इंदौर, किरण मनोज रायकवार इंदौर, अंजु रायकवार इंदौर, प्रेमलता भोई रामपुरा, अर्चना माझी ग्वालियर, राखी जगताप खातेगांव देवास, प्रेम बाई कहार रामपुरा, एडव्होकेट सीमा रायकवार इंदौर, लता बाई पंथी केसरपुरा मंदसौर, रानी रेकवार विदिशा, श्रुति कश्यप जबलपुर, मुस्कान कहार बडवानी आदि को मनोनीत किया गया।

## 10 दिवसीय बाबा भॅवरनाथ महाराज के मेले का समापन

**भौरासा।** नगर में चल रहे 10 दिवसीय बाबा भवॅरनाथ जी महाराज के मेले के आज समापन अवसर पर पधारे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाबूलाल हेड़ा, कार्यक्रम के विशेष अतिथि करण सिंह यादव मेंबर व मदन लाल बैरागी थे । सभी अतिथि शाम 7 बजे बाबा भवॅरनाथ जी महाराज के मेले में पधारे व सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा बाबा श्री भवॅरनाथ जी महाराज व भगवान मनकामेश्वर की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना कर पूजा अर्चना की गई। इसके पश्चात मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में सरस्वती पूजन के बाद उज्जैन के शिवानी डांस ग्रुप द्वारा गणेश वंदना एव शिव वंदना,



सहित कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। जिस के बाद समापन कार्यक्रम शुरू हुआ कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा इन 10 दिनों तक मेले में अपनी दुकान लगाकर रखने वाले व्यापारियों को श्री बाबा भवॅरनाथ जी महाराज का चित्र व प्रशंसनीय पत्र शील्ड एवं साफा बांधकर पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। अतिथियों का साफा बांधकर पुष्पमाला पहनकर नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, पार्षद भादर सिंह भाटिया, अबरार गांधी, के द्वारा अतिथियों का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर भौरासा प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज शुक्ला, पत्रकार अभय नागर, थाना प्रभारी अनीता सिंह, विद्युत मंडल अधिकारी मंसूर अली, मंदिर पुजारी चंद्रशेखर शर्मा, नगर परिषद अधिकारी कर्मचारी एवं मेले में पधारे सभी दुकानदारों का सील्ड, प्रमाण पत्र, देकर सम्मान किया गया इस अवसर पर कैलाश यादव कुलाला, कमल पटेल शादीखेड़ा, रमेश चंद हेड़ा, मुकेश कुमावत, डॉ मोहन माली, पप्पू पहलवान, सहित आदि लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम का संचालन अंतिम बोडाना ने किया एवं आभार नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी ने माना।

**एक नजर** संकल्प से समाधान अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण

## शिविर में कुल 491 मरीजों का पंजीयन किया, 59 नेत्र परीक्षण किए

**सोनकच्छ।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सरोजिनी जेम्स बेक ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनकच्छ में संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत विकासखण्ड स्तरीय शिविर का शुभारम्भ मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर कुमार एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर का अवलोकन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सरोजिनी जेम्स बेक ने किया एवं आवश्यक निर्देश दिये। डॉ बेक ने दस्तक अभियान, आयुष्मान कार्ड, एनीमिया प्रबंधन, संकल्प से समाधान अभियान की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए डोर टू डोर सर्वे करने एवं टीम बनाकर कार्य करने हेतु निर्देशित किया। उन्होने फील्ड



भ्रमण करने एवं स्वास्थ्य संस्थाओं के निरीक्षण हेतु भी निर्देशित किया। उन्होंने सीडीआर एवं एमडीआर के रिव्यू संबंधी जानकारी ली एवं संकल्प से समाधान पोर्टल पर नियमित प्रविष्टि करने के निर्देश दिये। शिविर में कुल 491 मरीजों का पंजीयन किया गया। शिविर में 78 एएनसी चेकअप हुए, 16 आयुष्मान कार्ड बनाए, 59 नेत्र परीक्षण किये गए जिसमें से 48 मरीजों का चिन्हांकन मोतिया बिंद ऑपरेशन के लिए किया गया। शिविर में 28 यूएसजी (अल्ट्रा सोनोग्राफी) की गई। शिविर में ओरल कैंसर के 200 मरीजों की जांच की गई। जिसमें से 2 संदिग्ध मरीज चिन्हित किये गए एवं 1 ब्रेस्ट कैंसर का मरीज चिन्हित किया गया। परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत 47 महिलाओं को परामर्श देकर अस्थाई साधन के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में अमलतास की टीम से चिन्हित चिकित्सक, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ वर्षा राय, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ आर्दश नामेरिया, मेडिकल विशेषज्ञ डॉ सुमित सोलंकी, आरबीएसके चिकित्सक डॉ समीर शेख, डॉ अंबिका दुबे, डॉ राजेश मालवीय, डॉ अमरीन खान, डॉ रामराज परमार, बीपीएम दीपक चैहान, सहित अन्य मेडिकल एवं पेरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहा।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, देवास (म.प्र.)

### निविदा आमंत्रण सूचना

क्र./200/ स्व.भा.मि./2026 — देवास, दिनाक 20/02/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http:// mptenders. gov. in पर देखा जा सकता है।

| क्र | टेन्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_484257-1<br>20/02/2026 | नगर पालिक निगम देवास सीमा क्षेत्र के अतर्गत मुख्य मुक्तिधाम, बालगढ मुक्तिधाम, अमोना मुक्तिधाम एवं अर्जुन नगर मुक्तिधाम में लकडी कंडे की व्यवस्था हेतु सत्र 2026-2027 के लिये एजेंसीज इम्पेनलमेंट ऑनलाईन ई-निविदा प्रपत्र। | 12 माह<br>50,00,000/- | 10,000/-<br>1,50,000/- | 13/03/2026<br>06 पी एम |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम, देवास